प्रथम सत्रांत आकलन

कक्षा – 7वीं

समयः3घण्टे **विषय – हिन्दी** **पूर्णांक–35**

निर्देशः– सभी प्रश्न अनिवार्य है।
लिखाई का विशेष ध्यान रखें।

प्रश्न–1 अपठित पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (3)

वर्तमान युग में मोबाइल फोन हमारे जीवन में एक अहम हिस्सा बन गया है। मोबाइल का उपयोग करने के जहां कई फायदे हैं, वहीं नुकसान भी है। हर युवा वर्ग व बच्चों की भी मोबाइल की और तेजी से दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। आप विश्व के किसी भी कोने में फ्री में संदेश भेज सकते हैं। मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग हमारे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से आप मानसिक रोगी, कैंसर ब्रेन ट्यूमर, डायबिटिज, हृदय रोग आदि बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(ख) वर्तमान युग में हमारे जीवन का अहम हिस्सा क्या बन गया हैं?
(ग) मोबाइल का अत्यधिक इस्तेमाल करने से हमें कौन–2 सी बीमारियाँ हो सकती है?
(घ) मोबाइल फोन की और किसकी दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है?

प्रश्न–2 पठित गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (3)

सर्दी के दिन थे रोहिणी स्नान करके मकान की छत पर चढ़कर आजानुलंबित केश–राशि सुखा रही थी। इस समय नीचे की गली में सुनाई पड़ा– 'बच्चों को बहलाने वाला, मिठाईवाला।

(क) किस मौसम में रोहिणी कहाँ अपने बाल सुखा रही थी ?
(ख) रोहिणी के बाल कितने लंबे थे?
(ग) गली में किसकी आवाज सुनाई दी थी?

प्रश्न–3. पाठ्य पुस्तक पर आधारित निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (6)

(क) बीमार होने पर दादी माँ लेखक को क्या खिलाती थी?
(i) फल (ii) रोटी (iii) खिचड़ी
(ख) काका कालेलकर ने .... को लोकमाता कहा है।
(ग) शुद्ध वायु से हमें क्या मिलता है?
(i) हाइड्रोजन (ii) आक्सीजन (iii) नाइट्रोजन
(घ) पत्र बाँटने वाले को क्या कहते है?
(i) डॉक्टर (ii) डाकिया (iii) अध्यापक
(ड.) यासुकी चान को कौन सी बीमारी थी?
(i) निमोनिया (ii) पोलियो (iii) हैजा
(च) माधवदास को किससे प्रेम था?
(i) पैसों से (ii) कोठी से (iii) कला से

प्रश्न–4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (3)

हम बहता जल पीने वाले
मर जाएंगे भूखे–प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक–कटोरी की मैदा से।

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए।
(ख) पक्षी को किस प्रकार का जल पीना अच्छा लगता है?
(ग) पक्षी को क्या खाना अच्छा नहीं लगता है?

प्रश्न 5. पाठ्य पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(बहुवैक्लिपक प्रश्न) (6)

(क) पक्षियों को कहां रहना अच्छा लगता है?
(i) कमरे में (ii) पिंजरे में (iii) आकाश में
(ख) कठपुतली के मन में कैसी इच्छा जागी?
(i) स्वतंत्र होने की (ii) सोने की (iii) खाने की
(ग) 'शाम एक किसान' कविता में बैठे हुए किसान की तरह कौन दिख रहा है?
(i) पेड़ (ii) बादल (iii) पहाड़ (iv) भेड़ें
(घ) सज्जन सम्पति को क्यों एकत्रित करते हैं?
(i) अपनी सुख सुविधा के लिए (ii) दुसरों के कार्य के लिए
(iii) यज्ञ के लिए
(ड.) सच्चा मित्र वह होता है जो .... में काम आए।
(च) 'शाम एक किसान' कविता में किस समय का वर्णन हुआ है?
(i) सुबह (ii) शाम (iii) दोपहर

(व्याकरण भाग)

प्रश्न 6. निम्नलिखित बहुवैक्लिपक प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (कोई आठ) (4)

(क) देवनागरी कौन सी भाषा की लिपि है?
(i) अंग्रेजी (ii) पंजाबी (iii) फारसी (iv) हिन्दी
(ख) वर्णो के कितने भेद है?
(i) 1 (ii) 4 (iii) 2 (iv) 3
(ग) 'पढ़ाई' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?
(i) आई (ii) इ (iii) ई
(घ) 'स्वागत' शब्द का शुद्ध सन्धि विच्छेद छांटो।
(i) सव .+ आगत (ii) सु+आगत (iii) सुव+गत
(ड.) 'अमृत' शब्द का विलोम शब्द छांटिए।
(i) शांत नीर (ii) नीर (iii) विष
(च) भाववाचक संज्ञा छाँटो।
(i) बुढ़ापा (ii) राम (iii) वह
(छ) 'द' वर्ण का उच्चारण स्थान लिखिए।
(i) कंठ (ii) ओष्ठ (iii) दन्त
(ज) 'ईद का चाँद होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाए।
(झ) वाक्याँश के लिए एक शब्द लिखो।
सप्ताह में एक बार होने वाला

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के वर्ग पहेली से छाँटकर विलोम शब्द लिखें। (3)

छोटा, अमीर, आदान, कठिन, झूठ, दूर

प्र	आ	सा	न
दा	ब	ड़ा	ब
न	च	री	अ
स	ग	पा	स

प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सुन्दर निबन्ध लिखें। (4)

मेरा प्रिय खेल, हिमाचल प्रदेश, विद्यालय की स्वच्छता

प्रश्न 9. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को आर्थिक दण्ड क्षमा करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखें।

अथवा (3)

अपने मित्र/ सखी को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें।